जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन

ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan Hamarawatan65 Hamarawatan3 Hamarawatan



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 अंक-7 जयपुर, सोमवार, 16 फरवरी, 2026 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4




## नाबार्ड द्वारा अजमेर के किसानों का दल फसलों के विशेष प्रशिक्षण के लिए हुआ रवाना

**अजमेर (हमारा वतन)**

नाबार्ड के सहयोग से जागृति संस्थान, विराटनगर द्वारा 25 किसानों के लिए 3 दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग फॉर एडॉप्शन ऑफ टेक्नोलॉजी (CAT) एक्सपोज़र विज़िट का शुभारंभ जिला विकास प्रबंधक (DDM) नाबार्ड, अजमेर रूबीना बानो ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह प्रशिक्षण 12 से 14 फरवरी 2026 तक फ्रेग्रेंस एंड फ्लेवर डेवलपमेंट सेंटर (FFDC), कन्नौज (उ.प्र.) में आयोजित हुआ ।

प्रशिक्षण के दौरान किसानों को सुगंधित फसलों विशेषकर गुलाब की वैज्ञानिक खेती, प्रसंस्करण, डिस्टिलेशन तकनीक, गुलाब जल, गुलकंद, अत्तर एवं रोज़ ऑयल निर्माण, पैकेजिंग और विपणन रणनीतियों की जानकारी दी गयी ।

शुभारंभ अवसर पर डीडीएम ने किसानों को प्रशिक्षण किट वितरित कर आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया।जागृति संस्थान के प्रोजेक्ट मैनेजर मनीष मिटावा किसानों के साथ रहकर मार्गदर्शन प्रदान किया ।

## अग्रवाल समाज त्रिनगर ने किया पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्ट्रीय) का सम्मान

**नई दिल्ली (हमारा वतन)**

अग्रवाल समाज त्रिनगर द्वारा अपने 59वें स्थापना दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्ट्रीय) को पर्यावरण जागृति एवं संरक्षण हेतु क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों पर सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया।

यह सम्मान प्रतीक अग्रवाल समाज के प्रधान अनिल बंसल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राम विलास बंसल तथा अग्रवाल समाज युवक संघ के अध्यक्ष मुकेश गर्ग द्वारा समिति को प्रदान किया गया।

इस अवसर पर प्रधान अनिल बंसल ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समर्पित सेवाओं को देखते हुए समिति को आज यह सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया है।

पर्यावरण संरक्षण समिति के राष्ट्रीय संस्थापक अध्यक्ष एवं पर्यावरणविद् डॉक्टर विनय कंसल ने कहा कि मैं हृदय




की गहराइयों से अग्रवाल समाज त्रिनगर की सम्पूर्ण प्रबंध कार्यकारिणी का हार्दिक धन्यवाद करता हूं जिन्होंने आज समिति को सम्मानित करके समिति का गौरव बढ़ाया है।

इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों ने कंसल को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्ट्रीय) के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डॉ. अशोक यादव का हुआ भव्य सम्मान

### फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए हुए सम्मानित

**जालसू (हमारा वतन)।** जयपुर में आयोजित इम्पल्स इंटरनेशनल स्पोर्ट्स रिहैबकॉन 2026 के दौरान ग्राम खपरिया, जालसू निवासी फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अशोक यादव को फिजियोथेरेपी के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए विशेषज्ञों की उपस्थिति में उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया।

गौरतलब है कि डॉ. अशोक यादव पिछले 5 वर्षों से फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन के साथ योगा क्षेत्र में निरंतर सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अपने अनुभव और आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पल्मोनरी रिहैबिलिटेशन, घुटना दर्द, कमर दर्द, स्लिप डिस्क, सायटिका, स्पाइनल व स्पोर्ट्स इंजरी से पीड़ित अनेक मरीजों को सफल उपचार




प्रदान किया है।

उनकी सेवाओं का मुख्य उद्देश्य मरीजों को सटीक, सुरक्षित एवं त्वरित उपचार उपलब्ध कराना है, जिससे वे पुनः सामान्य जीवन जी सकें। डॉ. यादव की इस उपलब्धि पर चिकित्सा जगत से जुड़े विशेषज्ञों, सहयोगियों एवं शहरवासियों ने उन्हें बधाई दी। डॉ. यादव ने सम्मान मिलने पर कहा कि फिजियोथेरेपी में बिना किसी ऑपरेशन के इलाज किया जाता है। इससे कोई साइड इफ़ेक्ट भी नहीं होता है। मरीजों की दुआओं से ही यह सम्मान मिला है।

## डॉ. मोतीराम कुमावत बने राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के तहसील उपाध्यक्ष

**जयपुर (हमारा वतन)**

राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के जिलाध्यक्ष मदन नोखवाल ने चौमूं तहसील के उपाध्यक्ष पद पर डॉ. मोतीराम कुमावत को सर्वसम्मति से नियुक्त किया है।



डॉ. कुमावत विगत 30 वर्षों से चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हुए हैं तथा इलाके में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। यह नियुक्ति डॉ. कुमावत की समाज सेवा के प्रति निष्ठा, संगठनात्मक अनुभव एवं कर्तव्यनिष्ठा को ध्यान में रखते हुए की गई है।

डॉ. मोतीराम कुमावत की नियुक्ति पर समाज के विभिन्न वर्गों एवं संगठन के पदाधिकारियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाइयाँ दीं तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं ।

## डॉ. राहुल कुमार शर्मा ने की उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बेरवा से शिष्टाचार भेंट

**जयपुर (हमारा वतन)।** आज प्रदेश कार्यालय, भारतीय जनता पार्टी, जयपुर में उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बेरवा से ऑल इंडिया डेंटल सर्जन संगठन के उपाध्यक्ष डॉ. राहुल कुमार शर्मा ने शिष्टाचार भेंट की।




इस अवसर पर राज्य बजट के लिए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। प्रस्तुत बजट राजस्थान की उन्नति व उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। सभी जिलों को इसमें संतुलित एवं सराहनीय भागीदारी मिली है।

विशेष रूप से सरकारी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए लागू किए गए नए नियम युवाओं के हित में अत्यंत सकारात्मक एवं सराहनीय कदम हैं।

## ब्राह्मण समाज राजस्थान के उपनयन संस्कार के पोस्टर का हुआ विमोचन

**जयपुर (हमारा वतन)।** ब्राह्मण समाज राजस्थान, जिला जयपुर देहात द्वारा रविवार 8 मार्च 2026 को कालिया वाले बालाजी मंदिर, मोरीजा रोड, चौमूं में आयोजित होने वाले अष्टम उपनयन (यज्ञोपवीत) संस्कार के पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर का विमोचन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जोधपुर के पूर्व कुलपति बनवारी लाल गौड़ ने किया।

इस अवसर पर गौड़ ने कहा कि यज्ञोपवीत संस्कार भारतीय सनातन परंपरा का महत्वपूर्ण संस्कार है। इससे बालक के जीवन में बल एवं बुद्धि का विकास होता है तथा उसके व्यक्तित्व के सर्वांगीण विकास की आधारशिला रखी जाती है। उन्होंने



समाज से अधिकाधिक सहभागिता का आह्वान किया। पोस्टर विमोचन के दौरान जिला महासचिव बनवारी लाल शर्मा, जिला मंत्री ओमप्रकाश रीडर, डॉ. विश्वासु गौड़ एवं नरेंद्र सिंह सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।

# एपस्टीन ने कैसे बनाया काले कारनामों का किला, प्राइवेट जेट, पावरफुल लोग और नाबालिग लड़कियां

**अमेरिका (हमारा वतन)**

एपस्टीन फाइल्स में अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी लाखों पन्नों के दस्तावेजों में द्वीप के ब्लूप्रिंट, फोटो, लॉगबुक और यात्रा रिकॉर्ड शामिल हैं। इनमें डोनाल्ड ट्रंप, व्लादिमीर पुतिन, प्रिंस एंड्र्यू, मार्क जुकरबर्ग, वुडी एलन जैसे कई बड़े नामों का जिक्र है। जेफरी एपस्टीन का प्राइवेट आईलैंड लिटिल सेंट जेम्स कैरिबियन सागर में स्थित है, जो अमेरिकी वर्जिन द्वीप समूह में सेंट थॉमस के दक्षिण-पूर्व में है। यह लगभग 72 एकड़ का छोटा आईलैंड है, जिसे एपस्टीन ने 1998 में करीब 80 लाख डॉलर में खरीदा था। यहां सफेद रेत के समुद्र तट, नारियल के पेड़, नीले रंग की छत वाले भवन, स्विमिंग पूल, हेलीकॉप्टर लैंडिंग पैड, मुख्य विला, गेस्ट कॉटेज और डॉक जैसी सुविधाएं थीं।

2010 तक एपस्टीन ने द्वीप का बड़े पैमाने पर नवीनीकरण किया, जिसमें नई विलाएं, स्टोन केबिन और एक रहस्यमयी नीले-सफेद धारीदार भवन शामिल था, जिसे कुछ लोग टेम्पल कहते हैं। यह द्वीप अलग-थलग होने के कारण गोपनीय गतिविधियों के लिए सही माना जाता था, जहां नाव या हेलीकॉप्टर से ही पहुंचा जा सकता था।

इस द्वीप पर एपस्टीन और उनकी सहयोगी घिस्लेन मैक्सवेल पर नाबालिग लड़कियों और



महिलाओं के साथ यौन शोषण और मानव तस्करी के गंभीर आरोप लगे हैं। पीड़ितों के बयानों के अनुसार, यहां दुनिया भर से 12 साल की उम्र की लड़कियों को लाया जाता था, जिन्हें अमीर और प्रभावशाली लोगों को शेयर किया जाता था। वर्जीनिया गिफ्रे जैसी पीड़िताओं ने अपनी किताब में बताया कि उन्हें अपमान, मारपीट और बलात्कार का सामना करना पड़ा। 15 साल की लड़की ने कथित तौर पर द्वीप से भागने के लिए दो मील तैरकर सेंट थॉमस पहुंचने की कोशिश की। ईमेल और दस्तावेजों में स्वीट यंग कोकोनट्स जैसे संकेत और लिटिल गर्ल का जिक्र मिला है, जो यौन शोषण की ओर इशारा करते हैं। कई पीड़ितों ने बताया कि उन्हें छुट्टी के बहाने लाया गया लेकिन वे यौन हिंसा का शिकार बनीं।

**किन लोगों के नाम आए सामने एपस्टीन फाइल्स में-** अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी लाखों पन्नों के दस्तावेजों में द्वीप के ब्लूप्रिंट, फोटो, लॉगबुक और यात्रा रिकॉर्ड शामिल हैं। इनमें डोनाल्ड ट्रंप, व्लादिमीर पुतिन, प्रिंस एंड्र्यू, मार्क जुकरबर्ग, वुडी एलन जैसे कई बड़े नामों का जिक्र है। हालांकि, नाम आने से दोष सिद्ध नहीं होता और कई ने किसी गलत संबंध से इनकार किया है। फाइल्स में एपस्टीन की संपत्तियों से बरामद सीडी, फोटो और अन्य सबूतों की सूची भी है। एपस्टीन 2008 में बाल यौन अपराधों के लिए दोषी ठहराए गए थे और 2019 में सेक्स ट्रैफिकिंग के आरोपों में गिरफ्तार हुए, लेकिन जेल में उनकी मौत हो गई, जिसे सुसाइड बताया गया।

**कई सवालों के जवाब बाकी-** हाल के वर्षों में द्वीप को 2023 में 6 करोड़ डॉलर में बेच दिया गया है और नए मालिक स्टीफन डेकोफ इसे एक लग्जरी रिसॉर्ट में बदलने की योजना बना रहे हैं, ताकि इसकी कुख्यात इतिहास को मिटाया जा सके। एपस्टीन फाइल्स की रिलीज से कई सवालों के जवाब अभी बाकी हैं और पीड़ितों की आवाज को न्याय मिलने की उम्मीद बनी हुई है। यह मामला शक्ति, धन और गोपनीयता के दुरुपयोग की एक दुखद मिसाल बन चुका है।

## राज्यपाल के कर कमलों से सम्मानित हुई सरपंच पतासी देवी सैनी

**गुहाला (हमारा वतन)।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड, राज्य मुख्यालय जगतपुरा (जयपुर) में आयोजित गरिमामय सम्मान समारोह में ग्राम पंचायत डेहरा-जोहड़ी (सीकर) की सरपंच पतासी देवी सैनी को उनके कार्यकाल के दौरान ग्रामीण विकास, स्वच्छता, जनसहभागिता, महिला सशक्ति करण तथा पारदर्शी प्रशासन के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े द्वारा सम्मानित किया गया।



राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायत स्तर पर प्रतिबद्ध, दूरदर्शी और जवाबदेह नेतृत्व ही सुशासन की आधारशिला को सुदृढ़ करता है। उन्होंने सैनी के कार्यों को ग्रामीण शासन-प्रशासन में आदर्श मॉडल बताते हुए अन्य जनप्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्रोत निरूपित किया।

समारोह में राजस्थान के राज्य मंत्री (ग्रामीण विकास, पंचायतीराज, आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग) ओटाराम देवासी, स्टेट चीफ कमिश्नर निरंजन आर्य सहित विभिन्न गणमान्य अतिथि एवं स्काउट-गाइड पदाधिकारी उपस्थित रहे।

स्थानीय प्रशिक्षण केन्द्र हंसनला गुहाला से जुड़े राज्य पुरस्कृत शिक्षक बसन्ती लाल सैनी एवं पदाधिकारियों के अनुसार, सरपंच सैनी ने विधायक एवं सांसद कोटे से आधारभूत संरचनात्मक विकास कार्यों को गति देकर संस्थागत सशक्ति करण की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इस राज्य स्तर के सम्मान से न केवल ग्राम पंचायत डेहरा-जोहड़ी बल्कि समूचे क्षेत्र में गौरव एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त है। ग्रामीण नेतृत्व में महिला सशक्त उपस्थिति की यह उपलब्धि लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की सशक्त मिसाल के रूप में देखी जा रही है।

## परीक्षा: धैर्य-दीप की दीक्षा (कविता)

जब-जब परीक्षा का नाम सुनूँ,
मन अतीत में लौट ही जाता है।
दीपक की मद्धिम लौ के संग,
वह ग्रामीण बचपन जग जाता है।
मिट्टी की सोंधी गंध लिए,
किताबों में डूबा रहता था।
मेहनत का फल मीठा होता,
यह मंत्र हृदय में कहता था।
घड़ी की टिक-टिक बोल रही,
अब या कभी नहीं का स्वर था।
कुछ प्रश्न सहज मुस्काते थे,
कुछ पर मन थोड़ा सा डरता था।
उत्तर लिखते चलती कलम,
मानो सपनों को आकार मिले।
समय पंख लगाकर उड़ जाता,
हिम्मत को फिर विस्तार मिले।
घंटी बजते ही लगता था,
सिर से जैसे बोझ उतर गया।
जैसा बोओगे, वैसा काटोगे,
यह जीवन का सूत्र संवर गया।
आज स्वयं जब वीक्षक बनकर,
परीक्षा-कक्ष में खड़ा होता हूँ।
विद्यार्थी चेहरों में अपना ही,
बीता संघर्ष पढ़ा होता हूँ।
समझा हूँ अब अनुभव से,
परीक्षा केवल प्रश्न नहीं।
यह धैर्य, दृढ़ता, दक्षता की,
जीवन-यात्रा की दीक्षा सही।
जो इस कसौटी पर खरा उतरे,
वही आगे बढ़ पाता है।
परीक्षा से जो न घबराए,
वह जीवन में मुस्काता है।



महेन्द्र सिंह कटारिया,
नीमकाथाना, राजस्थान

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की 6वीं बैठक आयोजित

**जयपुर (हमारा वतन)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री निवास पर बोर्ड ऑफ इन्वेस्टमेंट की 6वीं बैठक आयोजित हुई। इसमें मुख्यमंत्री ने राजस्थान में 46 हजार करोड़ रुपये के निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए विभिन्न सेक्टर की 10 अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को कस्टमाइज्ड पैकेज देने की मंजूरी दी। बैठक में स्वीकृत प्रस्तावों से प्रदेश में 12 हजार से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने सोलर मॉड्यूल एवं सैल मैन्यूफेक्चरिंग तथा नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, माइंस और मिनरल्स, ऑटोमोबाइल, केमिकल, टैक्सटाइल एवं पर्यटन सेक्टर से संबंधित अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं को रिप्स के तहत कस्टमाइज्ड पैकेज की स्वीकृति प्रदान की। श्री शर्मा ने मुख्य सचिव को




निर्देश दिए कि रिप्स परिलाभ और कस्टमाइज्ड पैकेज प्राप्त करने वाली कंपनियों के निवेश की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। उन्होंने कहा कि राजस्व वृद्धि के साथ प्रदेश में रोजगार सृजन हमारी प्राथमिकता है।

शर्मा ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए एमओयू की जिलेवार प्रगति की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने 'एक जिला-एक उत्पाद' (ओडीओपी) को और अधिक प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश की हस्तशिल्प कला को प्रोत्साहित करने के लिए प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों पर विक्रय हेतु विशेष स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नवीन पर्यटन स्थलों को भी बढ़ावा दिया जाए।

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास, अतिरिक्त मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री) अखिल अरोड़ा, अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव वित्त वैभव गालरिया, आयुक्त बीआईपी सुरेश कुमार ओला, अतिरिक्त आयुक्त बीआईपी जुगल किशोर मीना सहित बीआईपी विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व विधायक रामलाल शर्मा को 501 फीट का साफा बंधवाकर किया भव्य स्वागत

**चौमूं (हमारा वतन)।** सुभाष सर्किल स्थित कार्यालय पर बाबा अमरनाथ कावडिया संघ चौमूं एवं ग्रामवासियों द्वारा भाजपा प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का राजस्थान के बजट में महारकलां स्थित मालेश्वर नाथ मंदिर के विकास के लिए 4 करोड रुपए स्वीकृत करने पर कावड़ संघ के कार्यकर्ताओं और महारकलां ग्रामवासियों ने 501 फुट का साफा बांधकर माला एवं दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया व धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुभाष सर्किल से कावड़ संघ व महारकलावासी जुलूस के रूप में ढोल



नगाड़ों पुष्प वर्षा से आतिशबाजी के साथ कार्यालय पहुंचे। 4 करोड़ के विकास की घोषणा से सभी का मन प्रफुल्लित था। भाजपा मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा ने बताया कि कुछ दिनों पहले बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ चौमूं और मालेश्वर नाथ मंदिर पुजारी द्वारा विकास कार्यों के लिए मुलाकात की थी, जिसे मैने राज्य सरकार से विकास कार्यों के लिए मांग की थी। सरकार द्वारा बजट घोषणा में मालेश्वर नाथ मंदिर के लिए 4 करोड़ रूपये की घोषणा किए जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के वीर हनुमान मंदिर सामोद, महामाया मंदिर बंदोल और मालेश्वर नाथ मंदिर के विकास को के लिए निरन्तर प्रयासरत हूं। साथ ही उन्होंने सभी का आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर मालेश्वर नाथ मंदिर महंत महेश व्यास, शिवम व्यास, बाबा अमरनाथ कावड़िया संघ अध्यक्ष केदार छिपा, उपाध्यक्ष ओम कुमावत, महिला प्रमुख दीपिका पारीक, पूर्व अध्यक्ष रमेश देवंदा, राजेंद्र गुलिया, श्याम विजय शर्मा, भारत कुमावत, डॉ. रमेश देवंदा, फाग उत्सव 2026 के संयोजक प्रवीण सैनी, सिद्धांत जैन, ओम सोनी, बाबू देवदा शंभुदयाल जांगिड़, गोपाल सेन, गौरी शंकर छिपा, रवि सैनी, शंकर जिंदल, दिनेश जिंदल, आशीष तांबी, आशुतोष शर्मा ,कमल सैनी, अशोक पारीक ,महिला मंडल से कांता गुप्ता ,सुमन यादव ,किरण शर्मा ,सीमा बटवाल ,सुमन शर्मा ,पूनम विजय ,मंजू पारीक ,मधु छिपा ,सुलोचना ,टिंकू आदि उपस्थित रहे।







## जॉब्स

1. आरएसएमएसएसबी, पद लैब असिस्टेंट, पद संख्या 804, अंतिम तिथि 25 फरवरी 2026
2. एम्स नॉर्सेट, पद नर्सिंग ऑफिसर, पद संख्या 3000, अंतिम तिथि 16 मार्च 2026
3. इंडियन आर्मी, पद अग्नि वीर, पद संख्या अघोषित, अंतिम तिथि 1 अप्रैल 2026
4. संघ लोक सेवा आयोग, पद आई ए एस, पद संख्या 933, अंतिम तिथि 24 फरवरी 2026
5. रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड, पद ग्रुप डी लेवल 1, पद संख्या 22000+, अंतिम तिथि 2 मार्च 2026
6. बीएसएनएल, पद सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी, पद संख्या 120, अंतिम तिथि 7 मार्च 2026
7. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद सर्कल बेस्ड ऑफिसर, पद संख्या 2050, अंतिम तिथि 18 फरवरी 2026
8. हरियाणा लोक सेवा आयोग, पद सिविल सर्विसेज, पद संख्या 102, अंतिम तिथि 26 फरवरी 2026

# रिश्ते को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचाती है गलतफहमी





अकसर रिश्तों में यह संवाद बार-बार सुनने को मिलता है, कि आपने इसे गलत तरीके से लिया। जबकि हालात ऐसे नहीं थे। यानी किसी बात को उसके संदर्भ से हटकर या बढ़कर समझा जाना गलतफहमियों को जन्म दे सकता है। और यह किसी भी रिश्ते को खोखला कर सकता है।रिश्ते में कभी-कभी गलतफहमियां हो सकती हैं। ये गलतफहमी बड़ी हो या छोटी पर यह दो व्यक्तियों के बीच दूरी बढ़ा देती है। कई बार ये छोटी-छोटी गलतफहमियां आपके रिश्ते के टूटने का कारण बन सकती हैं। पर असल में गलतफहमियां होती क्यों हैं और क्या इनसे किसी भी तरह बचा जा सकता है? अगर आप भी बार-बार यह सोच रहे हैं, तो आपके इन सवालों का जवाब देने के लिए हमारे पास एक एक्सपर्ट हैं।कोई भी रिश्ता ऐसा नहीं है, जिसमें कभी भी कोई गलतफहमी न हुई हो। यानी रिश्तों में गलतफहमियां होना स्वभाविक है। हर किसी के रिश्ते में गलतफहमियां हो सकती है। लेकिन आपको इससे कैसे बाहर निकलना है और इसे कैसे बढ़ने से रोकना है और ऐसा क्या करना है कि इसकी वजह से आपका रिश्ता ज्यादा प्रभावित न हो ङ्क इस सबका पता होना चाहिए।इस चीज से आप कैसे निपट सकते हैं यह जानने के लिए हमने रिलेशनशिप एक्सपर्ट रुचि रूह से संपर्क किया।

**1 खुलकर बात करें**-किसी भी रिश्ते या बातचीत में खुला और प्रभावी तरीके से बात करना बहुत जरूरी है। यदि आप अपने पार्टनर द्वारा कही गई किसी बात को लेकर असहज या अनिश्चित महसूस करते हैं, तो इसे सम्मानजनक तरीके से बताना बहुत जरूरी है। आपको बिना कुछ सुने कोई प्रतिक्रिया देने से पहले, कुछ देर रुकना और जो कहा गया था उस पर विचार करना चाहिए।अपने पार्टनर को पहले ध्यान से सुनना और समझना बहुत जरूरी है कि वे आप पर कोई आरोप लगा रहे है या आपको कुछ बेलने की कोशिश कर रहें है। उनके बोलने के पीछे की भावना को आराम से सुनने की कोशिश भी करें।

**2 उन्हें अपनी बात समझाएं**-सबसे पहले आपको ये स्वीकार करना चाहिए कि आप में गलतफहमी हुई है। अपनी गलती स्वीकार करना या यह स्वीकार करना कि आपके शब्द अस्पष्ट हो सकते हैं, विनम्रता और समस्या को हल करने में आपकी रुचि को दिखाता है। कई बार ऐसा होता है कि आप किसी अलग इंटेशन से बोलता है और आपके पार्टनर उसे एक गलत तरीके से समझ लेता है। जिसके कारण कई बार गलतफहमी बढ़ती है।ये चीजें तब अधिक होती है जब आप दोनों मैसेज पर बात करते हों। अपने बयान के पीछे के तर्क या किसी भी कारक को स्पष्ट करें जिसने आपके शब्दों को प्रभावित किया हो। अपने वक्य से आप जो कहना चाहते थे उसे स्पष्ट रूप से व्यक्त करें। अपने इरादों के बारे में पार्टनर को समझाएं।



**3 कोई भी धारणा बनाने से बचें**-पिछले अनुभवों के आधार पर यह अनुमान लगाना आसान है कि हमारा पार्टनर किसी बात पर कैसी प्रतिक्रिया देगा या नहीं देगा। उदाहरण के लिए, आप अपने पार्टनर से किसी चीज़ के बारे में बात न करने का निर्णय ले सकते हैं ।क्योंकि आप पहले से ही जानते हैं कि वे कैसे प्रतिक्रिया देंगे।ऐसा करते समय, आप अपने पार्टनर को अपनी अपेक्षाओं से आगे बढ़कर कुछ करने का अवसर नहीं देते है।

## बॉलीवुड चटकारा




# रिया चक्रवर्ती का छलका दर्द, बोलीं- कोई साथ काम नहीं करना चाहता था, नार्मल जिंदगी गिफ्ट



सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड के बाद रिया चक्रवर्ती फिल्मों से गायब थीं। इन सात सालों में एक्ट्रेस को फिल्मों में काम नहीं मिला। रिया ने एक्टिंग से इतनी दूरी बना ली कि उन्हें थेरेपी लेनी पड़ी। उनके दोस्तों ने उन्हें इन सात सालों में मिले दर्द से निकलने में मदद की। अब रिया ने अपने उन सालों के बारे में बात की है। एक्ट्रेस ने बताया कि एक्टिंग करियर के लिए उन्होंने कई साल मेहनत की थी। लेकिन फिर उन्हें वो सब छोड़ना पड़ा। उनके लिए ये दर्द से भरा था।

**किसी ने नहीं दिया काम**-बातचीत करते हुए रिया ने बताया कि उन्होंने 10 साल से भी ज्यादा समय तक एक्टिंग करियर के लिए म्हणत की थी। लेकिन उन्हें फिर सब कुछ बंद करना पड़ा। उन्हें ये सोचना बंद करना पड़ा कि वो कुछ हासिल नहीं कर सकती थीं। रिया ने बताया कि उन्हें एक्टिंग करने के ऑफर नहीं मिल रहे थे और एकाध मिले तो उन्होंने उन्हें रिजेक्ट कर दिया। रिया ने आगे बताया, 'हंसल सर और राइटर ने मुझसे पूछा कि मुझे क्या रोक रहा है। मैंने उन्हें बताया कि मैंने एक्टिंग करनी छोड़ दी है और उन्होंने कहा कि यही तो और भी बड़ा कारण है कि मुझे इसे करना चाहिए क्योंकि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि मैं अच्छा करती हूं या नहीं। अब मुझे खुशी है कि मैंने हां कहा, सेट पर आना अलग ही एक्सपीरियंस था, पिछले सात सालों में मैंने एक लंबा जीवन जी लिया है। यह साइकिल चलाने जैसा है, जिसे आप कभी नहीं भूलते।'

**गलियों में बेफिक्र होकर चल पाना रिया के लिए गिफ्ट है**-आगे रिया ने बताया कि उन्हें अपने करियर में दर्द और बेचैनी के साथ रुकना पड़ा। उन्होंने कहा उनके साथ जो भी हुआ उससे वो इमोशनली, मेंटली और फिजिकली तैयार नहीं थीं। वो साल बहुत दर्दनाक थे जब उनके साथ कोई काम नहीं करना चाहता था। एक्ट्रेस ने कहा कि उनके दोस्त और परिवार ने उन्हें इस दर्द से बाहर निकालने में मदद की।

# नागिन फेम सुरभि ज्योति बनने वाली हैं मां इस खास अंदाज में की प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट



टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस सुरभि ज्योत जिन्होंने साल 2024 में सुमित सूरी से शादी की थी, दोनों ने फैंस को गुड न्यूज दी है। दोनों पैरेंट्स बनने वाले हैं और उन्होंने प्रेग्नेंसी अनाउंसमेंट की है सोशल मीडिया पर। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरभि का अभी पहला ट्राइमेस्टर चल रहा है।

**बड़ा एडवेंचर होने वाला है**-दोनों ने जो फोटो शेयर की है उसमें दोनों के पैर नजर आ रहे हैं और उनके साथ में छोटे जूते रखे हुए हैं। इस फोटो को शेयर कर सुरभि ने लिखा है, हमारा बड़ा एडवेंचर होने को है। छोटा प्यार आ रहा है इस जून को।

**सेलेब्स ने दी बधाई**-इस पोस्ट पर ना सिर्फ फैंस बल्कि सेलेब्स भी उन्हें बधाई दे रहे हैं। हिना खान ने नजर ना लगने वाला इमोजी पोस्ट किया है। मौनी रॉय ने लिखा, ऑ....दोनों को बधाई। श्वेता तिवारी ने लिखा बधाई। किश्वर मर्चेंट ने लिखा, ओह माय गॉड...बधाई हो...इसलिए इंस्टाग्राम से गपायब थी तुम। नकुल मेहता ने दिल वाला इमोजी पोस्ट किया है। सुयश राज ने लिखा, बच्चों को बच्चा मुबारक। अली फजल ने भी कमेंट किया ओह माय गॉड...बधाई हो दोस्तों।

**साल 2024 में की थी शादी**-सुरभि और सुमित ने 27 अक्टूबर 2024 को जिम कॉर्बेट उत्तराखंड में शादी की थी जिसमें सिर्फ करीबी दोस्त और शामिल हुए थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक दोनों को म्यूजिक वीडियो हांजी के दौरान प्यार हुआ। मई 2024 में दोनों ने इंस्टाग्राम पर रिलेशनशिप ऑफिशियल किया था।

# नोरा फतेही ने इतिहास रचा, FIFA और क्रिकेट वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने वाली अकेली आर्टिस्ट बनी

बॉलीवुड एक्ट्रेस और डांसर नोरा फतेही आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। नोरा हमेशा ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बनी रहती हैं। ऐसे समय में नोरा फतेही ने एक ऐसा मुकाम हासिल किया है जिसे अब तक बॉलीवुड में कोई भी हासिल नहीं कर सका। आपको जानकार हैरानी होगी कि नोरा अकेली बॉलीवुड आर्टिस्ट हैं जिन्होंने FIFA वर्ल्ड कप इवेंट और क्रिकेट वर्ल्ड कप सेरेमनी, दोनों में परफॉर्म किया है है।



**डांस के साथ गाया गाना**-FIFA वर्ल्ड कप 2022 में, नोरा सर्फ दिखाई ही नहीं दीं; उन्होंने क्लोजिंग सेरेमनी में डांस तो किया ही साथ ही गाना भी गाया। उनकी परफॉर्मेंस ने सभी का दिल जीत लिया। ऑफिशियल एंथम लाइट द स्काई के हिस्से के तौर पर, उन्होंने दुनिया के सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्पोर्टिंग इवेंट्स में से एक में अपनी सिग्नेचर स्टेज प्रेजेंस दी। उन्होंने FIFA एंथम में हिंदी में गाकर गर्व से इंडिया को भी रिप्रेजेंट किया, जिससे ग्लोबल सेलिब्रेशन में एक ज़बरदस्त कल्चरल टच आया। क्लोजिंग सेरेमनी में लाइव परफॉर्म करते हुए, वह एक ऐसे प्लेटफॉर्म पर इंडियन रिप्रेजेंटेशन की निशानी बन गईं जो कॉन्टिनेंट्स के लाखों लोगों को एकजुट करता है।

**लाइव ऑडियंस को अपनी ओर खींचा**-नोरा का ग्लोबल मोमेंट उनके होम ग्राउंड पर भी वैसा ही था जब उन्होंने मुंबई में ICC मेन्स T20 वर्ल्ड कप 2026 की ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म किया। टूर्नामेंट से पहले खचाखच भरे स्टेडियम में जोश भरते हुए, नोरा ने एक बार फिर बड़ी आसानी से लाइव ऑडियंस को अपनी ओर खींचने की अपनी काबिलियत साबित की।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# सम्पादकीय.....

## दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य स्मरण

एक राष्ट्र के भीतर अनेक स्टेट भी हो सकती हैं। जैसे हिंदू राष्ट्र के भीतर ही भारत, नेपाल, भूटान, थाईलैंड, श्रीलंका, लाओस, वियतनाम, मंगोलिया, तिब्बत जैसी अनेक स्टेट हैं। इसलिए विस्तृत रूप से इसे जंबूद्वीप राष्ट्र भी कहा जा सकता है। लेकिन क्या एक स्टेट में दूसरे राष्ट्र भाव वाला व्यक्ति रह सकता है पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि 11 फरवरी को देश भर में मनाई गई। उनको स्थान स्थान पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। उपाध्याय भारतीय जनसंघ के अध्यक्ष थे। आज की भारतीय जनता पार्टी जनसंघ का ही अवतार मानी जाती है। लेकिन उनके स्मरण का कारण क्या केवल इतना ही है कि वे उस पार्टी के अध्यक्ष रह चुके थे जो पार्टी आज देश में सत्तारूढ़ है? क्या उनका स्मरण केवल


राम गोपाल सैनी

इसलिए किया जाए या किया जाता है कि वे जनसंघ/भाजपा से ताल्लुक रखते थे? मुझे लगता है ऐसा नहीं है। जब तक वे जीवित थे तब तक जनसंघ के ही थे, ऐसा सामान्य रूप से कहा जाता है। लेकिन नश्वर शरीर छोडने् के बाद वे भारत की उस सनातन परंपरा का हिस्सा हो गए जो मानव जीवन के सुख की कल्पना करती है और उसके रास्ते भी तलाशती है। वे उस राष्ट्र जीवन के आधारों को तलाश रहे थे जिसके कारण भारत भूमि मात्र भूमि न रह कर भारत मां बन जाती है। वे राजनीतिक चिन्तक, दार्शनिक और मनीषी परम्परा से ताल्लुक रखते थे। दीनदयाल उपाध्याय ने भारतीय जनसंघ के लिए दार्शनिक आधार तैयार किया। लेकिन क्या वह आधार केवल जनसंघ के लिए था? उनका यह आधार सभी राजनीतिक दलों के लिए था। यह आधार भारतीय सनातन परम्परा से जुड़ा हुआ था। उनकी इच्छा थी कि हजार साल की विदेशी सल्तनतों से मुक्ति मिली है तो हमें अपने आधारों, जो हमारी प्रकृति और स्वभाव के अनुकूल हैं।

# वैलेंटाइन डे पर अपने रिश्तों के इजहार में धरती को दें एक पौधा उपहार-वृक्षमित्र डॉ.सोनी

**देहरादून (हमारा वतन)**



दुनियां भर के देश जहां वैलेंटाइन डे मना रहे हैं और एक दूसरे को गुलाब, चॉकलेट या अन्य उपहार देते है वहीं वैलेंटाइन डे पर पर्यावरणविद् वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी के सौजन्य से मेरा पेड़-मेरा दोस्त अभियान के तहत पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज आईडीपीएल ऋषिकेश में एक नई परम्परा की शुरुआत करते हुए वृहद पौधारोपण किया गया और पुलमावा कांड में शहीद हुए जवानों को याद किया गया।

वैलेंटाइन डे पर डॉ. सोनी ने कह कि हमारी भारतीय संस्कृति में रिश्तों की अहम भूमिका होती है। जिस देश में नए रिश्ते की शुरुआत घर के बड़ो द्वारा शगुन में सोना, चांदी के जेवरातों और कपड़े देकर चुना जाता हो वें रिश्ते लंबे चलते थे। वर्तमान में पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते हुए हमारे युवा पीढ़ी अपने रिश्तों की शुरुआत गुलाब के टूटी मृत टहनी के फूल से कर रहे है आज वे रिश्ते लंबे समय तक नहीं चल पा रहे हैं। अपनी सभ्यता को अपनाते हुए हमने विद्यालय में पौधारोपण कर रिश्तों की जड़ों को पौधों के जड़ों की तरह मजबूत बनाए रखने की अपील की ताकि जीवन खुशियों से बीते।

वहीं प्रधानाचार्य राजीव लोचन सिंह ने कहा कि युवा पीढ़ी को संस्कारवान होना चाहिए, उन्हें अपनी परम्पराओं को नही भूलना चाहिए, तभी जीवन का सफल संचालन होगा। वैलेंटाइन डे पर जहां लोग गुलाब की मृत आत्मा से अपने रिश्तों का इजहार करते हैं, वहीं हमने अपने विद्यालय परिसर में डॉ. सोनी के नेतृत्व में पौधारोपण किया। पौधारोपण में नरेंद्र सिंह रावत, नरेंद्र सिंह गुलेरिया, ललित मोहन जोशी, मनोज कुमार गुप्ता और विद्यालय के बच्चे उपस्थित रहे ।

# इंद्रेश बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया मातृ पितृ पूजन दिवस

**चौमूं (हमारा वतन)।** इंद्रेश बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल चौमूं में मातृ पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती के दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यार्पण से समारोह का शुभारंभ किया गया ।



समारोह की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद हजारीलाल शर्मा ने बच्चों को कहा कि अपने माता-पिता, दादा-दादी का सम्मान प्रतिदिन करना चाहिए। बड़ों का सम्मान करने व प्रणाम करने से विद्या आयु यश व बल बढ़ते हैं । संस्था सचिव श्याम किरण शर्मा ने उपस्थित छात्राओं के माता-पिता का सम्मान उनके बच्चों से माल्यार्पण के द्वारा करवाया एवं माता-पिता ने अपने बच्चों को आशीर्वाद दिया। समारोह को समाजसेवी कैलाश तिवारी ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम में दुर्गा प्रसाद कुमावत, संदीप कुमावत, अलीमुद्दीन, रामबाबू,व्याख्याता माया शर्मा, राम सिंह, पूजा कुमावत, रीमा अग्रवाल, गुड्डू जांगिड़, तन्नू गोरी, वैष्णवी जांगिड, इंदु बिष्ट ,कोमल सेन, राहुल ,अनिल, घनश्याम, हिमांशु, रामबाबू सहीत कई अभिभावक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा महाशिवरात्रि पर शोभायात्रा एवं झांकी का हुआ आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)**



प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र प्रभु कीर्ति कुंज रेलवे स्टेशन रोड चौमूं के द्वारा महाशिवरात्रि के महापर्व के उपलक्ष्य में शोभायात्रा एवं झांकी का आयोजन स्थानीय सेवा केंद्र इंचार्ज ब्रह्माकुमारी प्रेम बहन एवं मंगला बहन के सानिध्य में हुआ।

शोभायात्रा में स्थानीय सेवा केंद्र से जुड़े हुए भाई बहनों ने बढ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ भगवान शिव के भजन एवं गीत गाते हुए , नारे लगाते हुए सेवा केंद्र से रवाना हुई। इस अवसर पर सभी ने अपने हाथों में शिव ध्वज एवं मूल्य निष्ट स्लोगनों एवं नारों की तक्तियां लेकर जन-जन को शिव संदेश दिया। यह शोभा यात्रा सेवा केंद्र से रवाना होकर स्टेशन रोड, शाम कॉलोनी ,शिवाजी स्कूल, आनंद नगर, कृष्णा कॉलोनी, रेनवाल रोड, केशव नगर, होली दरवाजा चौपड़ नया बाजार से होती हुई रावण गेट से वापस सेवा केंद्र पर विसर्जित हुई। झांकी में लक्ष्मी नारायण, भारत माता, शिव पार्वती, तथा ब्रह्माकुमारी की जीवन्त झांकी को दिखाया गया था। कार्यक्रम के अंत में शिव भगवानुवाच महा वाक्य सुनाए गए एवं शिव प्रसाद वितरित किया गया।




# जय हिंद कंप्यूटर इंस्टिट्यूट एंड लाइब्रेरी में मनाया पुलवामा बलिदान दिवस

**उदयपुर (हमारा वतन)।** 14 फरवरी 2026 को जय हिंद कंप्यूटर इंस्टिट्यूट एंड लाइब्रेरी सुखेर के तत्वावधान में आज से 7 वर्ष पूर्व पुलवामा में शहीद हुए देश के जांबाज सिपाहियों को याद किया गया और श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

प्रबंध निदेशक प्रदीप मेघवाल ने बताया कि सात वर्ष पहले 14 फरवरी 2019 को जब दुनियाभर में वैलेंटाइन डे मनाया जा रहा था। श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर विश्व प्रसिद्ध केसर की क्यारियों के पास लेथपोरा पुलवामा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक जोरदार बम धमाके के साथ धुएं का गुब्बार उठा और उसके बाद वहां केसर की खुश्बू नहीं सीआरपीएफ के 40 वीर बलिदानियों के जलते मांस और बारूद की गंध थी।



पुलवामा हमले के बाद जिस तरह से पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ खड़ा हुआ, उसने भारतीय राजनीतिक नेतृत्व की आतंकवाद के खात्मे की संकल्पबद्धता को एक नयी ताकत दी और आतंकवाद-अलगाववाद के खिलाफ एक निर्णायक युद्ध शुरू हुआ और उसका सुखद परिणाम आज सभी देख रहे हैं। सचिव जितेंद्र मेघवाल ने बताया कि इस अवसर पर कोरोना वारियर लव कुमार शर्मा, करतार सिंह भंवर लाल लोहार, विक्रम चंदेल, गोविंद मेघवाल, विकास मेघवाल,मीरा गरासिया, सुनीता खराड़ी, हरेंद्र शर्मा, श्याम सिंह मीणा, चंदू कुमारी रावत, महेंद्र सिंह दुलावत, कमल सिंह, राजश्री मीणा आदि उपस्थित रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।